एआई आधारित उद्योगों पर जमीन में 25 फीसदी छूट

- यूपी में एआई नीति को लागू करने की तैयारी
- निवेशकों को स्टांप ड्यूटी में भी रियायत मिलेगी

■ अजित खरे

लखनऊ। यूपी में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) तकनीक को बढ़ाने, उसका व्यापक प्रयोग करने व अनुसंधान को बढ़ाने के लिए सरकार बड़ी पहल करने जा रही है। राज्य में आर्टीफिशियल इंटलीजेंस मिशन लागू होगा। इसके तहत एआई फंड बनेगा।

लखनऊ को देश के पहले एआई सिटी के तौर पर विकसित किया जाएगा। एआई सेक्टर में निवेश करने वाली कंपनियों को जमीन खरीदने पर 25 % तक छूट मिलेगी। स्टांप ड्यूटी में भी रियायत मिलेगी। यह बातें उत्तर प्रदेश आर्टीफिशियल इंटलीजेंस नीति-2024 में रखी गई हैं। आईटी विभाग के इस मसौदे को संबंधित स्टेक होल्डर से राय लेकर कैबिनेट से पास कराया जाएगा। › पहला एआई सिटी P15